हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

3 कुत्तों के हमले में घायल चीतल की ग्रामीणों ने बचाई जान, वन विभाग ने किया रेस्क्यू




(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)

प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक

योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)

स्थान सीमित

नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।

प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर

मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


## भाजपा प्रत्याशी रितेश जायसवाल ने कांग्रेस के संजय सोनी को 362 मतों से किया पराजित

# नगर पंचायत शिवनंदनपुर के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में भाजपा जीती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


**खास बात**

- कांग्रेस के 8 पार्षदों ने अपना परचम लहराया, भाजपा के सिर्फ 7 पार्षद जीते, शिवनन्दनपुर की पूर्व महिला सरपंच कांग्रेस से वार्ड पार्षद चुनाव जीती

सूरजपुर जिले के नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर की प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में भाजपा ने संघर्षपूर्ण एवं नजदीकी मुकाबले में जीत हासिल कर ली है।गुरुवार 4 जून को हुई मतगणना शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद रुझान आने शुरू हो गए और अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी ने बढ़त बना ली।अधिकृत परिणामों के मुताबिक भाजपा प्रत्याशी रितेश जायसवाल को कुल 2,028 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस प्रत्याशी संजय सोनी को 1,666 वोट मिले, इसके अलावा आम आदमी पार्टी के सतपाल साहू को मात्र 214 मतों से संतोष करना पड़ा,यहां नोटा को 29 मत प्राप्त हुए।यहां कुल 3937 लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया था।इस प्रकार भाजपा ने कांग्रेस से 362 मतों से अध्यक्ष पद अपने नाम कर लिया है,अध्यक्ष समेत 7 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी के विजयी होने पर समर्थकों ने आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। मतगणना को लेकर भाजपा कांग्रेस समर्थक सुबह से ही मतगणना स्थल पहुंच गए थे और अधिकृत घोषणा के इंतजार में बैठे थे।जैसे ही समस्त 15 वार्डो के ईवीएम खुले लगभग हर वार्ड में भाजपा को बढ़त मिलती गई।वॉर्ड क्रमांक 5,वार्ड क्रमांक 6,वार्ड क्रमांक 9,वार्ड क्रमांक 13 से कांग्रेस ने लीड लिया जबकि अन्य वार्डों में भाजपा आगे रही। नगर पंचायत के कुल 15 वार्डों में भाजपा ने 7 जबकि कांग्रेस ने 8 वार्डों पर कब्जा जमाया है।

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अपने गृह वार्ड समेत दोनों वार्ड हारे

कांग्रेस के सूरजपुर जिला उपाध्यक्ष का निवास वार्ड क्रमांक 2 में है, इसके साथ ही सटा हूआ वार्ड क्रमांक 1 भी है जो कि इनसे प्रभावित वार्ड माना जाता है,वार्ड क्रमांक 2 में वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गोयल का भी निवास है जिनकी साख पार्षद चुनाव में जुड़ी हुई थी, इन दोनों वार्डों में भाजपा के प्रत्याशियों ने बड़े अंतर से जीत हासिल की है, वार्ड क्रमांक 1 से रिकॉर्ड 110 वोट व जिला उपाध्यक्ष के गृह वार्ड में 43 वोट से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि नगर पंचायत चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र जैन एवं भाजपा कार्यकर्ता मित्तल पाण्डेय, छोटू साहू के बीच जीत के दावे को लेकर कहासुनी के बाद विवाद हो गया था जिसके बाद बिश्रामपुर पुलिस ने जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट समेत अन्य आपराधिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था, मामला हाई प्रोफाइल तब हो गया जब कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव ने एकजुट होकर बिश्रामपुर थाना के सामने विरोध प्रदर्शन किया एवं प्रदेश कांग्रेस के दो शीर्ष नेता आमरण अनशन पर बैठ गये। प्रशासन नेनर्म रुख अपनाते हुए विपक्ष की मांग मानी एवं कांग्रेस नेता की पत्नी के आवेदन पर भाजपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध घटना के तीन दिन बाद काउंटर अपराध दर्ज कर लिया, इसके बाद से ही शिवनन्दनपुर नगर पंचायत चुनाव पुरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना था, लेकिन कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व का धरना वोट में तब्दील होने में सफल नहीं हो पाया।



विजेता प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र देती निर्वाचन अधिकारी।



रैली में शामिल मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विजयी प्रत्याशी एवं समर्थक।

### मंत्री राजवाड़े ने जताई खुशी

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर का चुनाव प्रदेश भर में सुर्खियां में था।चुनाव के आरंभ में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव सहित कांग्रेस नेताओं के बिश्रामपुर थाने के समक्ष धरना देने से यह चुनाव हाई प्रोफाइल हो गया था।कांग्रेस के लगभग ढाई दिन प्रदर्शन के बाद यह चुनाव प्रदेश भर में सुर्खियां में था,यहां कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के धरना प्रदर्शन रैली जनसभा के बावजूद कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार कांग्रेस का थाने के समक्ष धरना प्रदर्शन पार्टी को भारी पड़ गया, वहीं भाजपा के लिए यह संजीवनी का काम कर गया। चुनाव घोषणा के पहले से महिला बाल विकास मंत्री ने यहां डेरा जमा लिया था और उन्होंने संगठन के नेताओं के साथ खूब पसीना बहाया और भाजपा को जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। केबिनेट मंत्री ने अपनी महिला टीम के साथ डोर टू डोर कैंपेन चलाकर हर घर पहुँचकर उनकी समस्याएं सुनी और उसके निराकरण का भरोसा दिलाया जिसका असर चुनाव के नतीजों में दिखा। भाजपा के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, श्यामबिहारी जायसवाल ने भी रणनीति बनाई।

### जीत के बाद निकाली गई रैली

शिवनंदनपुर में अध्यक्ष समेत 7 वार्डों में भाजपा उम्मीदवारों की जीत के बाद महिला बाल विकास मंत्री की अगुवाई में नगर में रैली निकाली गई।मतगणना स्थल से ढोल पटाखों की गूंज के बीच निकली रैली पहले हनुमान मंदिर पहुंची तथा दर्शन के बाद नगर का भ्रमण कर सभी ने मतदाताओं का आभार जताया। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मतदाताओं ने भाजपा पर पुनः भरोसा जता नगर विकास की नींव रखी है। अब हम सब मिलकर शिवनंदनपुर को आदर्श नगर पंचायत बनाएंगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, बाबूलाल अग्रवाल, भाजपा नेता आलोक दुबे, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े,नगर पालिका सूरजपुर उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, अनूप सिन्हा, दीपेंद्र चौहान, शशिकांत गर्ग, ललित गोयल, शितिकांत स्वाई, विजय राज अग्रवाल, रितेश गुप्ता, समीर सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद का पेंच फंसा,दोनों पार्टियों को क्रॉस वोटिंग का डर

शिवनंदनपुर के कुल 15 वार्डों में से भाजपा के 7 पार्षद कर्मशः श्यामू साहू, प्रमिला साहू,मंजू गोयल,अंजलि राजवाड़े, वर्षा जायसवाल, मनी बग्गा, व प्रशांत अग्रवाल ने जीत हासिल की है जबकि कांग्रेस पार्टी से 8 पार्षद कर्मशः अंशुल गोयल, विमला सिंह, विजेंद्र सिंह, हर्ष दनौदिया, संतोष जायसवाल, चन्दन सिंह, वाहिद खान, व दीप माला सोनी ने सफलता का परचम लहराया है,भाजपा के अध्यक्ष का वोट मिलाकर भी 8 की संख्या होती है,ऐसे में शिवनन्दनपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए 9 पार्षद संख्या का सपोर्ट हासिल करने की आवश्यकता होगी,जिससे कि दोनों ही पार्टियों को क्रॉस वोटिंग होने का डर बना हूआ है,भाजपा से प्रशांत अग्रवाल व मनी बग्गा एवं कांग्रेस पार्टी से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष गोयल के ज्येष्ठ पुत्र अंशुल गोयल व चन्दन सिंह के नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहे हैं।

### ये रहे 15 वार्ड के आंकड़े

**वार्ड क्रमांक 1**
भाजपा के श्यामू साहू विजेता रहे,उन्हें 205 मत मिले,जबकि कांग्रेस के राजेंद्र प्रसाद यादव को 95 मत प्राप्त हुए।निर्दलीय जय किशन जायसवाल को महज 2 मत, प्रवीण कुमार शाह को 21 नोटा को 5 कुल मत पड़े 328, इस वार्ड में भाजपा के श्यामू साहू रिकॉर्ड 110 वोट के अंतर से जीते

**वार्ड क्रमांक 2**
भाजपा की प्रमिला साहू 43 वोट से विजयी रहीं उन्हें 122 मत मिले ,कांग्रेस की आंचल यादव को 79, नोटा को 4 कुल मत पड़े, इस वार्ड में कुल 205 मत पड़े,

**वार्ड क्रमांक 3**
कांग्रेस के अंशुल गोयल 68 वोट के बड़े अंतर से विजेता रहे, उन्हें 141 वोट पड़े ,भाजपा के राजेश जैन को 73,अजय घोष को 4,नोटा में 1,इस वार्ड में कुल मत पड़े 219, इस हाई प्रोफाइल वार्ड में मुकाबला नजदीकी माना जा रहा था जो कि अंदरूनी तौर पर आखिर में एकतरफा हो गया।

**वार्ड क्रमांक 4**
भाजपा की मंजू खेमचंद गोयल विजेता रहीं,उन्हें 126 वोट मिले, कांग्रेस की विनेश्वरी शांडिल को 92, सुनैना देवी को 91, सीमा को 4 ,प्रीति विश्वकर्मा को 3,शशिकला गुप्ता को 51, नोटा को 11, कुल मत पड़े 378

**वार्ड क्रमांक 5**
शिवनन्दनपुर की पूर्व महिला सरपंच व कांग्रेस की विमला देवी विजेता रही,उन्हें 121 मत मिले जबकि, भाजपा की अनीता सिंह को 67,नीलम सिंह को 36, नीरा सिंह को 32 नोटा को 4 मत,कुल मत पड़े 260

**वार्ड क्रमांक 6**
कांग्रेस के विजेंद्र सिंह विजेता रहे, उन्हें 118 वोट मिले,भाजपा के सुरेश बखला को 49,महेंद्र सिंह को 11, मनोज सिंह को 32, नोटा में 4,कुल मत पड़े 214

**वार्ड क्रमांक 7**
यहाँ पर भाजपा की अंजली राजवाड़े विजेता रही, उन्हें 138 मत मिले,कांग्रेस के शम्मा परवीन को 119,सेन अब्बा खान को 5,अनीता देवी को 4,संगीता सिंह को 47,सिंधु अंजना घोष(संजना) को 15, नोटा में 1, कुल 323 मत पड़े।

**वार्ड क्रमांक 8**
इस चर्चित वार्ड में कांग्रेस के हर्ष दनौदिया विजेता रहे उन्हें 122 वोट मिले,भाजपा के अमित मित्तल को 83,मोनू बलराम पठारी को 1, कुल 206 मत पड़े

**वार्ड क्रमांक 9**
कांग्रेस के संतोष जायसवाल,बबलू विजेता घोषित किए गए उन्हें 113 वोट मिले, भाजपा के तारकेश्वर पटेल 106, बिजेंद्र कुमार यादव 11, नोटा में 2 कुल 232 मत पड़े।

**वार्ड क्रमांक 10**
भाजपा की वर्षा जायसवाल विजयी हुई,उन्हें 121 मत मिले,कांग्रेस के राजेश जायसवाल को 32,रमेश कुमार सिंह को 70,नोटा में 6 कुल मत पड़े 229

**वार्ड क्रमांक 11**
शिवनन्दनपुर में कांग्रेस के बड़े चेहरे चन्दन सिंह विजेता रहे, उन्हें 80 मत मिले ,निर्दलीय कुंदन विश्वकर्मा ने यहां तगड़ी टक्कर दी उन्हें 66 मत मिले,भाजपा यहां तीसरे नंबर पर रही,भाजपा को महज 34 मत मिले, नोटा में 1 कुल मत पड़े 181

**वार्ड क्रमांक 12**
केबिनेट मंत्री के करीबी भाजपा से मनी बग्गा विजेता रहे उन्हें 127 मत मिले,कांग्रेस के राजकुमार टोप्पो को मात्र 04 वोट मिले जो कि तीसरे स्थान पर रहे, विजय पठारी को 01,निर्दलीय दीपक सोनी को 56,कुल मत पड़े 188

**वार्ड क्रमांक 13**
कांग्रेस के अहमद वाहिद विजेता रहे उन्हें 191,भाजपा के राजू पाटले को 157,सुनीता बाई गुप्ता को 12, नोटा में 1, कुल मत पड़े 361

**वार्ड क्रमांक 14**
कांग्रेस की दीपमाला सोनी विजेता रहीं, उन्हें 173 मत जबकि भाजपा की आकांक्षा गुप्ता को 141, नोटा में 4 कुल मत पड़े 318

**वार्ड क्रमांक 15**
इस बहुचर्चित वार्ड में भाजपा के प्रशांत अग्रवाल 47 वोट के अंतर से विजेता रहे, उन्हें 167 जबकि कांग्रेस के सन्नी अग्रवाल को 120 वोट पड़े,नोटा में 1
कुल मत पड़े 288, यहां भी मुकाबला एकदम नजदीकी माना जा रहा था, दो दिग्गज परिवारों की साख इस चुनाव में जुड़ी हुई थी लेकिन आखिरी में वोटों का अंतर ज्यादा हो गया।

### खबर संक्षेप

#### योग गुरु शैलेंद्र विशी निभायेंगे योगासन तकनीकी अधिकारी की भूमिका

**सीतापुर।** गुजरात के अहमदाबाद में 4 से 8 जून तक होने वाले प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में योग गुरु शैलेंद्र विशी योगासन तकनीकी अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। पेशे से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ विकासखंड सीतापुर के ग्राम चलता बरपारा निवासी शैलेंद्र विशी विगत 16 वर्षो से योगविद्या से जुड़े हुए है। अहमदाबाद में होने वाले इस विश्वस्तरीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ से कुल पांच योगासन तकनीकी अधिकारी का चयन हुआ है जिसमे शैलेंद्र विशी भी है। इस संबंध में योगगुरु शैलेंद्र विशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 50 से अधिक देशों से योगासन के खिलाड़ी भाग ले रहे है। जिन्हें योगासन की बारीकी एवं भारत की सनातन योग परंपरा से अवगत कराते हुए उन्हें योगासन में आगे लाना एवं प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु तैयार करना है। इस विश्वस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में अपनी भूमिका निभाने शैलेंद्र विशी गुजरात के अहमदाबाद पहुंच चुके है।

#### जनपद पंचायत सीईओ ने दिव्यांग वृद्ध को प्रदान की ट्राईसाइकिल

**शंकरगढ़।** जनपद पंचायत के सीईओ वेद प्रकाश पांडे द्वारा ग्राम महुवाडीह निवासी 70 वर्षीय नजीमउद्दीन अंसारी आ.दरबारी को दिव्यांग ट्राई साइकिल प्रदान की गई। ट्राई साइकिल प्राप्त होने पर नजीमउद्दीन अंसारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा दैनिक कार्यों को करने में आसानी होगी। इस अवसर पर सीईओ पांडे ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है ताकि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल सके। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ट्राई साइकिल मिलने से वृद्ध दिव्यांग को आने-जाने में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

#### आंधी-तूफान के साथ हुई तेज बारिश, गर्मी से लोगों को राहत

**बलरामपुर।** तेज आंधी तूफान के साथ आज जिला मुख्यालय में जमकर बारिश हुई। लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक हुई बारिश से वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को तेज गर्मी से राहत मिला।सुबह से क्षेत्र में आज तेज धूप खिला था दोपहर 2 बजे 39 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंचने को था। तभी आधे घंटे बाद मौसम में अचानक परिवर्तन हुआ और तेज आंधी तूफान के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग आधे घंटे तक झमाझम बारिश का दौर चला इसके बाद मौसम खुला आधे घंटे के बारिश में गर्मी के तेवर फीके कर दिए और लोगों को तेज गर्मी से राहत मिला। एक तरफ गर्मी से राहत मिला वही लोग उमस से भी परेशान रहे। इसी बीच आंधी तूफान से बिजली के भी आंख मिचोली चलता रहा। क्षेत्र में घंटो बिजली गोल रहा जिससे से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अभी कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा और दोपहर बाद तेज आंधी बारिश होने की संभावना बनी रहेगी।

#### ट्रक की टक्कर से बाल बाल बचे वाहन सवार भाजपा नेता

**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर दलधोवा घाट में बुधवार की देर शाम बलरामपुर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता की स्कॉर्पियो को ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। बलरामपुर निवासी कृष्ण गुप्ता जो बीजेपी के वरिष्ठ नेता है। किसी काम से बलरामपुर से अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही दलधोवा घाट के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी।

# लग्जरी बस से की जा रही थी गांजा तस्करी चार करोड़ का 8 क्विंटल गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अंतर्राज्यीय गिरोह का हुआ पर्दाफाश, झाड़ू बिक्री की आड़ में करते रहे हैं गांजा तस्करी
- वाहन चालक समेत दर्जन भर से अधिक महिलाएं गिरफ्तार

सूरजपुर पुलिस ने झाड़ू बिक्री की आड़ में लग्जरी बस से की जा रही गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा करते हुए करीब 8 क्विंटल गांजा जब्त किया है। अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़े इस मामले में पुलिस ने बस चालक समेत कई लोगों को हिरासत में लिया है। जब्त गांजे की कीमत करीब चार करोड़ रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह अंबिकापुर-सिलफिली क्षेत्र के कुछ स्थानीय युवकों ने नीलम कंपनी की लग्जरी बस क्रमांक सीजी 15 ईएच 4301 को राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर महावीरपुर कालीघाट के पास गुजरते देखा। बस में बड़ी मात्रा में झाड़ू के गट्ठर लदे थे तथा उसमें महिला-पुरुष सवार थे। परिस्थितियां संदिग्ध लगने पर युवकों ने डायल-112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बस का पीछा करने निकली। इस दौरान सूचना देने वाले युवक भी अपने वाहनों से बस के पीछे लगे रहे। बताया जाता है कि सुबह करीब 7 बजे बस सवार लोगों को पीछा किए जाने की भनक लगी तो उन्होंने बस रुकवाकर भागने का प्रयास किया। अफरा-तफरी के बीच पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर सीधे दसवीं बटालियन परिसर पहुंचाया, जहां विस्तृत जांच की गई।



### पीछा कर रहे युवकों पर चाकू से हमला

जानकारी के अनुसार बस का पीछा कर रहे आकाश सोनी और आकाश कुशवाहा पर कुछ तस्करों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। बस में लगभग 20 से 22 महिला-पुरुष सवार बताए गए हैं।

#### दिनभर चली जांच, कई थानों की टीम जुटी

गांजे की बड़ी खेप पकड़े जाने के बाद एडिशनल एसपी योगेश देवांगन एवं एसडीओपी अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में जयनगर, भटगांव और लटोरी पुलिस की टीम पूरे दिन जांच और जब्ती कार्रवाई में जुटी रही। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस ने सर्च अभियान भी चलाया।

#### वाहन चालक समेत कई महिलाएं गिरफ्तार

पुलिस ने मामले में बस चालक सहित आधा दर्जन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान बस से 8 क्विंटल से अधिक गांजा तथा 540 नग झाड़ू बरामद किए गए हैं। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

#### अंबिकापुर से कटनी तक बुक की गई थी बस

पुलिस जांच में सामने आया है कि नीलम कंपनी की उक्त बस को अंबिकापुर बस स्टैंड से कटनी मध्य प्रदेश तक के लिए बुक किया गया था। बस को झारखंड निवासी चालक छोटन राम आ. महावीर राम, निवासी इटखोरी चला रहा था। बताया जा रहा है कि यह बस कंपनी की स्पेयर बस थी।

#### पहले भी सामने आ चुका है गिरोह का नाम

स्थानीय सूत्रों के अनुसार इसी गिरोह से जुड़े लोगों ने जनवरी माह में सिलफिली क्षेत्र से दो पिकअप और एक स्कॉर्पियो वाहन कटनी जाने के लिए बुक किए थे। उस समय भी झाड़ू व्यापार का हवाला दिया गया था, लेकिन जांच के दौरान कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र में वाहन पकड़े गए थे। उस मामले में गिरफ्तार लोग अब भी जेल में बंद बताए जाते हैं। बताया जाता है कि इसी घटना के बाद वाहन संचालकों और स्थानीय लोगों को गिरोह की गतिविधियों पर संदेह हुआ था। गुरुवार को संदिग्ध बस दिखाई देने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके चलते बड़ी कार्रवाई संभव हो सकी।

#### ओडिशा से मध्यप्रदेश तक फैला हुआ है गिरोह का नेटवर्क

प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि गांजा ओडिशा के मलकानगिरी क्षेत्र से लाकर मध्यप्रदेश के कटनी समेत अन्य इलाकों में खपाया जाता था। तस्कर झाड़ू व्यापार की आड़ लेकर अवैध मादक पदार्थों का परिवहन करते थे ताकि पुलिस और जांच एजेंसियों की नजर से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। पकड़े गए सभी आरोपी मध्यप्रदेश के कटनी जिला के बरही थाना के दड़ोड़ी गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस सभी से बारीकी से पूछताछ कर रही है कि वे कहां से इतनी बड़ी मात्रा में गांजा ला रहे थे और कहां इसे खपाया जाना था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है समाचार लिखे जाने तक पुलिस कार्रवाई जारी रही।

# कोतवाली के सामने न्यायालय के समीप चोरों का धावा, पार किया नकदी व सामान

**सूरजपुर।** नगर के सबसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण क्षेत्र में घटित लगातार आपराधिक घटनाओं ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था एवं रात्रिकालीन पुलिस के गश्त पर सवाल खड़ा कर दिया है। 29-30 मई की रात्रि वकील कॉलोनी वार्ड क्रमांक 8 स्थित अधिवक्ता अधिवक्ता पुनीत गुप्ता एवं अधिवक्ता सुमित गुप्ता के कार्यालय में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर लगभग 1.15 लाख नकद सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया। मामले में पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

यह कार्यालय नगर कोतवाली के ठीक सामने तथा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के समीप स्थित है। यह क्षेत्र जिले का सर्वाधिक महत्वपूर्ण न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र माना जाता है, जहाँ स्वाभाविक रूप से सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च स्तर की अपेक्षित होती है। घटना की एफआईआर दर्ज हो चुकी है, किन्तु आज तक कोई ऐसी ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है जिससे नागरिकों को यह विश्वास हो सके कि अपराधियों तक कानून की पहुंच बन रही है। जब अपराधी यह महसूस करने लगा कि शहर के मध्य, कोतवाली के सामने और न्यायालय परिसर के समीप भी अपराध करके बचा जा सकता है, तब यह केवल एक चोरी की घटना नहीं रह जाती, बल्कि कानून-व्यवस्था के प्रति अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस का संकेत बन जाती है। चोरी की इस घटना से लगभग एक सप्ताह पूर्व, इसी क्षेत्र स्थित धनश्री ट्रेडर्स के संचालक नीरज तायल द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति के वाहन का दरवाजा तोड़ने एवं प्रतिष्ठान के बाहर रखी सामग्री को क्षति पहुंचाने की घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी।

उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड भी हुई थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया गया, किन्तु कुछ ही दिनों बाद उसी क्षेत्र में यह बड़ी चोरी की घटना घटित हो गई।

# धरतीपारा में हुई सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कार चालक पर मामला दर्ज

करंजी पुलिस चौकी क्षेत्र के धरतीपारा में बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करंजी चौकी प्रभारी एएसआई विशाल मिश्रा ने बताया कि ग्राम खोपा निवासी रामवृक्ष रजवार अपने साथी देव कुमार के साथ मजदूरी कर बाइक (सीजी 15 एई 4119) से वापस घर लौट रहे थे। बाइक रामवृक्ष चला रहा था।इसी दौरान धरती पारा में नरेंद्र प्रजापति की दुकान के सामने तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार (सीजी 29 एएच 4888) के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रामवृक्ष सड़क पर सिर के बल गिर गया और उसे गंभीर चोटें आईं।

घटना में रामवृक्ष रजवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी को भी चोटें आई हैं,सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिजन में शोक का माहौल है।





आदरणीय
शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ग्लोबल फर्निसिंग
सोफा सेट, दिवान पलंग, डायनिंग सेट, अलमीरा
ड्रेसिंग, गद्दा, तकिया सभी कम्पनियों के मैट्रेस उपलब्ध
मेन ब्रांच स्टेट बैंक गली, रसूलपुर, अम्बिकापुर
8770487040, 9425254476


आदरणीय
शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अनुपम फिलीप
संयुक्त महामंत्री
प्रदेश कांग्रेस कमेटी (छ.ग.)


आदरणीय शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
रशीद अहमद अंसारी
जिला कांग्रेस कमेटी,
अल्पसंख्यक विभाग, सरगुजा


आदरणीय
शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
नीरू श्रीवास्तव
सचिव
जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर


आदरणीय शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
संजय सिंह
सचिव
जिला कांग्रेस कमेटी सह प्रभारी
धौरपुर, बलरामपुर (छ.ग.)


आदरणीय
शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
शशांक गुप्ता
प्रो. हनी न्यूज एजेंसी, सलका


आदरणीय
शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
संतोष गुप्ता
सचिव
जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर


आदरणीय शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
राजेश श्रीवास्तव
सचिव
जिला कांग्रेस कमेटी- सूरजपुर


आदरणीय शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
राकेश गुप्ता
पूर्व अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा


आदरणीय शफी अहमद जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मो.बाबर ईदरिसी
पार्षद
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 11 को




**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 11 जून को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, राजेश कुमार, श्रीमती गीता राजवाड़े, सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय गोंड़ और जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं सोनहत के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रगति एवं क्रियान्वयन व अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### स्वच्छता अभियान को मिल रही नई दिशा

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड मनेन्द्रगढ़ की ग्राम पंचायत सिरियाखोह के स्वच्छता ग्राहियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देते हुए पुर्नचक्रण योग्य कचरे का संग्रहण एवं विक्रय किया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया। स्वच्छता ग्राहियों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाई चनवारीडांड को 20 किलोग्राम रंगीन पन्नी, 14 किलोग्राम सफेद पन्नी एवं 14 किलोग्राम प्लास्टिक बोतल सहित कुल 48 किलोग्राम सूखा कचरा विक्रय किया गया।

### 7 को निकलेगी संडे ऑन साइकिल रैली

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत संडे ऑन साइकिल रैली विशेष अभियान का आयोजन 7 जून को प्रातः 6 बजे से किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान मेंआयोजित इस अभियान का उद्देश्य आमजन में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। साइकिल रैली का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ परिसर से होगा।

### डबरी निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को मिला रोजगार

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के समन्वय में महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत जिलेभर में 40 से अधिक नवीन तालाब नवा तरिया तथा लगभग 300 आजीविका डबरी निर्माण कार्य स्वीकृत कराए गए हैं, जिन्हें जून माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन जल संरचनाओं के निर्माण से वर्षा जल का व्यापक स्तर पर संग्रहण संभव होगा।

### डीएलएड प्रवेश परीक्षा में 1714 परीक्षार्थी हुए शामिल

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में व्यापम द्वारा डीएलएड प्रवेश परीक्षा गुरूवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले के 8 परीक्षा केन्द्रों में कुल 2198 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, इनमें 1714 उपस्थित हुए, जबकि 484 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समन्वयक से मिली जानकारी के अनुसार शहर के पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में पंजीकृत 360 छात्रों में से 293 उपस्थित एवं 67 अनुपस्थित रहे। वहीं नवीन गर्ल्स कॉलेज बैकुंठपुर में पंजीकृत 360 छात्रों में 273 उपस्थित तथा 87 अनुपस्थित रहे। गवर्नमेंट मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 360 छात्रों में 267 उपस्थित एवं 93 अनुपस्थित रहे।

---

**विश्व पर्यावरण दिवस आज**

### 1330 फलदार पौधे हो रहे तैयार, आने वाले वर्षों में महिलाओं के आय का बनेगा जरिया

# आम के 450, अमरूद के 500 फलदार पौधों से बड़ा फलोद्यान बनेगा टेमरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में हरियाली के साथ आय के साधन निर्मित करने के उद्देश्य से लगाए गए हजारों फलदार पौधे अब लहलहा उठे हैं।

महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत पिछले वित्तीय वर्ष में बैकुंठपुर जनपद के दूरस्थ ग्राम पंचायत टेमरी में उद्यान विभाग की देखरेख में एक हजार तीन सौ तीस फलदार पौधों का सफल रोपण अब लगभग तैयार हो चुका है। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर आज बात करें तो आने वाले दो से तीन वर्षों के बाद टेमरी का यह फलोद्यान कोरिया जिले में फल उत्पादन की दिशा में एक अलग पहचान होगा। पूरे क्षेत्र में पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधों के रोपण की महती आवश्यकता को पूरा करते हुए यह फलदार पौधों का तैयार समूह आने वाले समय में रोजगार के अवसर पैदा करते हुए क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक आर्थिक मजबूती का आधार भी होगा। मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा योजनांतर्गत ग्राम पंचायत टेमरी में उद्यान विभाग को निर्माण एजेंसी बनाकर गत वित्तीय वर्ष में ब्लाक प्लांटेशन की स्वीकृति प्रदान की गई। इस कार्य के लिए कुल 24 लाख 58 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। यह कार्य तीन वर्षों तक संधारण में रहेगा, इससे फलोद्यान पूरी तरह से तैयार हो जाएगा।


तैयार हो रहे पौधे।

इस फलोद्यान में उन्नत किस्म के आमों के कुल 450 पौधे रोपे गए हैं। वहीं अमरूद की उच्च गुणवत्ता के 500 फलदार पौधों के अलावा कटहल, जामुन और आवलें के पौधे भी लगाए गए हैं। सभी पौधे तैयार हो गए हैं और जिन पौधों में बारिश के बाद खराबी थी, उन्हें बदलकर नए पौधे लगाए गए हैं।

#### महिलाएं संभालेंगी जिम्मेदारी

आगामी समय में जब यह फलोद्यान पूरी तरह से तैयार हो जाएगा, तो उद्यान विभाग की देखरेख में ग्राम पंचायत टेमरी की ही महिलाएं इसकी देखभाल का जिम्मा सम्हालेंगी। महिलाओं के समूहों को उद्यान के फलदार पौधे ग्राम पंचायत के माध्यम से आवंटित कर दिए जाएंगे, जिससे आने वाले समय में दर्जनों महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन प्राप्त होगा।

#### अंतर्वर्तीय खेती कार्ययोजना में है शामिलः सीईओ

जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार इस फलोद्यान में आगामी दो वर्षों के बाद जब पौधे पूरी तरह से तैयार होकर फलदार हो जाएंगे, तब इन पौधों के बीच अंतर्वर्तीय खेती को भी कार्ययोजना में शामिल किया गया है। पौधों के बीच उचित दूरी का पूरा उपयोग करते हुए महिलाओं को फूलों के साथ औषधीय महत्व की खेती जैसे अदरक आदि के खेती के साथ इस फलोद्यान को और भी ज्यादा लाभकारी बनाए जाने की कार्ययोजना है।

---

### इलाज के बाद रामगढ़ जंगल में छोड़ा गया

# कुत्तों के हमले में घायल चीतल की ग्रामीणों ने बचाई जान, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



जिले के नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 1 पटेलपारा में गुरूवार की सुबह एक चीतल पर आवारा कुत्तों के झूंड ने हमला कर दिया। कुत्तों के हमले में चीतल गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन ग्रामीणों की तत्परता और सजगता से उसकी जान बच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने एक चीतल को आवारा कुत्तों से घिरा हुआ देखा। कुत्ते चीतल को चारों ओर से घेरकर उस पर हमला कर रहे थे। चीतल लगातार खुद को बचाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन झूंड के सामने वह बेबस नजर आ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और कुत्तों को खदेड़कर चीतल को सुरक्षित बाहर निकाला। हमले में चीतल के पैर में गहरी चोटें आईं, जिससे वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गया था। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल चीतल का प्राथमिक परीक्षण कर उसे उपचार के लिए अपने साथ ले गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चीतल का इलाज कराते हुए उसकी बेहतर स्थिति को देखकर रामगढ़ जंगल में छोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल से सटे क्षेत्रों में वन्यजीव अक्सर भोजन और पानी की तलाश में आबादी वाले इलाकों तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में आवारा कुत्तों के झूंड उनके लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने तथा आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है।

---

# कार्रवाईः 3 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जनकपुर पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

- जनकपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3.140 किलोग्राम गांजा, परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक तथा एसडीओपी एलेक्स टोप्पो के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जनकपुर निरीक्षक कमलेश देवांगन द्वारा मुखबीर को सक्रिय किया गया था। इसी दौरान 3 जून को पुलिस को सूचना मिली कि सिंगरौली बड़कापारा निवासी सतीश सिंह कंवर मध्यप्रदेश के जैतपुर क्षेत्र से गांजा लेकर ग्राम शेरी के रास्ते जनकपुर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम शेरी में घेराबंदी कर संदिग्ध को रोककर पूछताछ की। तलाशी के दौरान आरोपी सतीश सिंह कंवर उम्र 31 वर्ष निवासी सिंगरौली



बड़कापारा थाना जनकपुर के पास तीन पैकेटों में कुल 3.140 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत करीब 31 हजार 400 रूपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीएस 1894 तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश देवांगन, उपनिरीक्षक किशन चौहान, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, आरक्षक दीपक मिंज, सूर्यपाल सिंह तथा सहायक आरक्षक विष्णु यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम के कार्य की सराहना की है।

---

# आज सभी ग्राम पंचायतों में होगी ग्राम सभा

**बैकुण्ठपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोरिया जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने दोनों जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम सभाओं में जल संरक्षण, प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए अनिवार्य स्वच्छता को अपनाए जाने का संकल्प लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में आगामी वर्षा ऋतु में फलदार पौधरोपण करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कराए जाने के निर्देश जारी किए हैं। जिले में आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं के दौरान होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि आगामी समय में कोरिया जिले को शत-प्रतिशत प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प भी लिया जाएगा। जिला कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देश पर आयोजित होने वाली इन ग्राम सभाओं में पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रत्येक कोरिया वासी की सहभागिता एवं जन जागरूकता बढ़ाने पर विशेष तौर पर चर्चा कराई जाएगी। ग्राम पंचायतों के पास उपलब्ध जल संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन के साथ ही बारिश के पानी को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में भूमिगत करने पर भी चर्चा कराई जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी ग्राम पंचायतों में वार्ड वार मुनादी कराकर ग्राम सभा की सूचना प्रत्येक आम जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे ग्राम सभा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर जल संरक्षण जैसे गंभी विषयों पर आपसी जिम्मेदारी को पूर्ण करें। तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता के मापदंडों को अपनाते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में खाली स्थानों पर खेत की मेढ़ों पर पौधरोपण करें और उसका बचाव करें।

- प्लास्टिक मुक्त जिला बनाने पर होगी विशेष चर्चा

### कटगोड़ी में लगातार बिजली कटौती, परेशानी

**कटगोड़ी।** जिले के ग्राम पंचायत कटगोड़ी में इन दिनों बिजली विभाग की लापरवाही देखने को मिल रही है। लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण आमजन के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले दुकानदारों, किसानों एवं लोक सेवा केन्द्र संचालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की आंख-मिचौली के चलते बैंक एवं लोक सेवा केन्द्रों का कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे लोगों के जरूरी काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कटगोड़ी में पावर हाउस होने के बावजूद यदि यह स्थिति बनी हुई है तो अन्य इलाकों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन एवं बिजली विभाग की होगी।

---

# एग्रीस्टेक अभियान : हर किसान का पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति का जायजा लिया। हर किसान और हर खसरे का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों दिए और निर्देशित किया कि जिले के शत-प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कराया जाए।

उन्होंने कहा कि किसानों की समस्त कृषि भूमि और संबंधित खसरा विवरण भी पोर्टल पर अद्यतन होना चाहिए, ताकि उन्हें शासन की सभी कृषि संबंधी सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को यह जानकारी दी जाए कि भविष्य में विभिन्न कृषि योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन आवश्यक होगा। बैठक में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार सहकारी समितियों से धान बीज, खाद और अन्य कृषि आदान सामग्री प्राप्त करने के लिए किसान का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य रहेगा। कलेक्टर ने कृषि विभाग के मैदानी अमले को सहकारी समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से वनाधिकार पत्रधारी, कोटवारी भूमि धारक तथा वन ग्रामों में खेती कर रहे किसानों का पंजीयन प्राथमिकता से सुनिश्चित करने को कहा।


कृषि, खाद्य और सहकारिता विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक लेतीं कलेक्टर।

**लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई**

बैठक के अंत में कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को राशन वितरण, कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने या शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की मांग के अनुरूप खाद, बीज और उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सतत समन्वय किया जाए। उन्होंने डबल लॉक गोदामों में उपलब्ध खाद का वितरण सहकारी समितियों में पंजीकृत किसानों की संख्या और आवश्यकता के अनुसार करने को कहा। साथ ही समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज और अन्य कृषि आदानों का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। मानसून को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती यादव ने जिले के दूरस्थ और पहुंचविहीन क्षेत्रों में बारिश शुरू होने से पहले पर्याप्त राशन एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का सुरक्षित भंडारण पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हितग्राहियों को खाद्यान्न उपलब्धता में परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान एंड्रॉयड मोबाइल में एग्रीस्टेक ऐप डाउनलोड कर स्वयं पंजीयन कर सकते हैं, इसके लिए भूमि का रकबा, खसरा नंबर, ग्राम पंचायत सहित आवश्यक जानकारी दर्ज करनी होगी। किसानों की सहायता के लिए जिला प्रशासन ने टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-233-1030 भी शुरू की है, जहां कृषि एवं खाद्य विभाग से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

# आने वाली पीढ़ियों को केवल संपत्ति नहीं बल्कि सुरक्षित पर्यावरण दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया तथा पौधरोपण के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में नपा बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर की प्रमुख बीके रेखा बहन, बीके रूपा बहन, जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, लिटिल मिलेनियम स्कूल के डायरेक्टर वरुण बारिक, फॉरेस्ट विभाग के अरविंद सोनी, प्रकाश सिंह, श्याम वर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके रेखा बहन ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए केवल बाहरी प्रयास ही नहीं बल्कि मन और विचारों की शुद्धता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान विशेष कृषि ग्राम विकास प्रभाग के सहयोग से प्रतिवर्ष पर्यावरण दिवस पर जागरूकता एवं पौधरोपण अभियान चलाता है। राजयोग, ध्यान और सकारात्मक चिंतन के माध्यम से मानसिक प्रदूषण कम कर प्रकृति के संतुलन को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक बेहतर पृथ्वी की शुरूआत हमारे भीतर बेहतर वाइब्रेशन से होती है। बीके रूपा दीदी ने कहा कि कभी भारत सोने की चिड़यिा कहलाता था, जब प्रकृति के पांचों तत्व मानव जीवन के सहयोगी थे, लेकिन बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग ने पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया। इसके परिणामस्वरूप आज तूफान, अतिवृष्टि और प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं।


कार्यक्रम में शामिल लोग।



शपथ दिलाती संचालिका रेखा बहन।

---

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

**बैकुंठपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत खोहरा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर जनसेवा, सुशासन और संवेदनशील प्रशासन का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आया। संवाद से संपूर्ण समाधान की थीम पर आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत खोहरा, कुदरा-पी, नेरुआ एवं बरौता सहित चार पंचायतों के हजारों ग्रामीणों ने भाग लेकर शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर में 639 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, इनमें काफी संख्या में आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुखमंती सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नीलेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य यशवती सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं कृषि विशेषांक



























## खबर संक्षेप



### दुकानों में डिब्बों में पेट्रोल-डीजल बिक्री करने पर प्रशासन सख्त, की गई जांच

**शंकरगढ़।** दुकानों में डिब्बा में पेट्रोल-डीजल की बिक्री करने पर आज एसडीएम अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में तहसीलदार दानिश परवेज एवं खाद्य निरीक्षक जयपाल सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पांच व्यक्तियों के पास डिब्बा में पेट्रोल एवं डीजल पाया गया। अधिकारियों ने संबंधित व्यक्तियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए उन्हें नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। एसडीएम अनमोल टोप्पो ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी पूरी तरह अवैध है तथा ऐसे मामलों को प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी क्षेत्र में लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा और अवैध भंडारण या बिक्री करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से पेट्रोल एवं डीजल की खरीद केवल अधिकृत पेट्रोल पंपों से करें तथा कालाबाजारी या अवैध बिक्री की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचना देने की बात कही।

### एसडीएम कार्यालय में निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक



**शंकरगढ़।** खरीफ सीजन को देखते हुए अनुविभागीय कार्यालय में अनुभाग के समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों को समय पर एवं उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से डीएपी उर्वरक की उपलब्धता एवं उसकी वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों द्वारा निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में 20:20:0:13 एवं टीएसपी उर्वरक के उपयोग के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए, ताकि किसानों को उर्वरकों की कमी का सामना न करना पड़े तथा फसल उत्पादन प्रभावित न हो। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो ने की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी उर्वरक विक्रेताओं को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किसानों को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार दानिश परवेज, विकासखंड उर्वरक निरीक्षक उमाकांत सिंह सहित शंकरगढ़ अनुभाग के समस्त निजी उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

### पुलिया के बेस निर्माण में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

# गुणवत्ताहीन पुलिया निर्माण कार्य पर ग्रामीणों में भारी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी तथा लंबे समय से की जा रही मांग पर ग्राम पंचायत दवनकरा के पटेलपारा में पुलिया निर्माण स्वीकृत हुई। हैरानी की बात यह है कि 19 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया गया। निर्माण कार्य में न सिर्फ लापरवाही बरती गई बल्कि गुणवत्ता को दरकिनार कर कार्य किया जा रहा है। घटिया निर्माण कार्य को देख ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने गुणवत्ता युक्त पुलिया निर्माण की मांग की है।

**खास बात**

- दवनकरा पटेलपारा में 19 लाख की लागत से कराया जा रहा निर्माण

जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत नरेगा के तहत ग्राम पंचायत दवनकरा के पटेलपारा मे 19 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, जिससे पुलिया की मजबूती और टिकाऊ पर भी सवाल उठने लगे है। स्थानीय लोगों के अनुसार सरपंच-सचिव सहित जनपद के अधिकारियों की मिलीभगत की मनमानी के चलते निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि लागत बचाने के उद्देश्य से पुलिया के बेस निर्माण में लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण इसकी नींव कमजोर दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो आगामी बरसात की पहली तेज बारिश में ही पुलिया को नुकसान पहुंच सकता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पुलिया निर्माण कार्य की निगरानी नहीं होने के कारण ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में मानक के विपरीत कार्य पूरी तरह से राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिया निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाएगी लेकिन जिस तरह से पुलिया का निर्माण किया जा रहा है उससे पुलिया के कुछ साल के भीतर जर्जर होने की संभावना काफी बढ़ गई है। घटिया पुलिया निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों ने गुणवत्तापूर्ण पुलिया निर्माण किए जाने की मांग की है।



गुणवत्ताहिन निर्माणाधीन पुलिया।

#### ग्रामीणों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा निर्माण कार्य की तकनीकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि कमजोर बेस, अधूरा निर्माण और गुणवत्ता की जांच में यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

#### टिकाऊ नहीं पुलिया

ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरह से पुलिया निर्माण किया जा रहा है उससे पुलिया टिकाऊ नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि नींव ही कमजोर होगी तो पुलिया कितना टिकाऊ होगा यह आसानी से समझा जा सकता है।नींव के निर्माण में ही लापरवाही बरती जा रही है और जब बेस कमजोर होगा और पुलिया में थोड़ी भी दरारे आई तो कुछ साल के भीतर ही पुलिया जर्जर हो सकती है।

#### कई बार मिल चुकी है शिकायत

पुलिया निर्माण की शिकायत कई बार मिल चुका है। मामले को लेकर जांच दल गठित की जाएगी। अनियमितता और कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल तिवारी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतापपुर

## प्रेमी प्रेमिका ने एक साथ बबूल पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

ग्राम सरगवां बेलपतरा पारा में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के लोगों ने आंगनबाड़ी के समीप बबूल पेड़ में युवक एवं युवती का शव फांसी में लटका देखा। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम पंचायत सरगांव में 3 मई को तड़के करीब 3 बजे युवक युवती प्रेमी जोड़ी ने दुप्पटा के सहारे गांव के नंदी किनारे खेत में बबूल पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए। मृतक किशन दास (23 वर्ष) ग्राम पंचायत सरगवां वही मृतिका अंजलि दास (20 वर्ष) ग्राम पंचायत रघुनाथपुर थाना प्रेमनगर निवासी थी। दोनों का लम्बे समय से प्रेम संबंध था और दोनों एक ही जाति के थे जो आपस में शादी करना चाहते थे लेकिन दोनों के परिवार के लोग शादी के लिए राजी नहीं थे। मृतक युवक की प्रेमिका उसकी बहन की ननद थी। लगभग दो माह से मृतक अपने बहन के घर रघुनाथपुर में रहकर काम करता था। घटना के दिन की मृतक अपने बहन के घर से अपने घर सरगवा आया हुआ था लेकिन मृतिका भी रात में अचानक प्रेमनगर रघुनाथपुर से कब प्रेमी के पास पहुंची इसका भनक घर वालों को नहीं लगा। रात में घर से दूर नदी किनारे खेत के समीप बबूल के पेड़ में दोनों दुप्पटा के के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। अभी तक घटना के संबंध में कोई सुसाइड नोट नही मिला है और न ही ठोस वास्तविक कारण का पता नहीं चल सका है। सुबह गांव वाले पेड़ पर लटके शवों को पहचान कर परिजन को सूचना दी। परिजन की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच पंचनामा पश्चात शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजन के सुपुर्द किया है।

- युवक का बहन के ननद से था प्रेम संबंध, करना चाहते थे शादी

## बस स्टैंड के व्यापारियों ने सीएमओ पर लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बस स्टैंड के समीप आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान बस स्टैंड राजपुर के व्यापारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में व्यापारियों ने आरोप लगाया गया है कि बस स्टैंड क्षेत्र में वर्षों से ठेला एवं छोटी दुकान लगाकर जीविकोपार्जन कर रहे व्यापारियों के साथ सीएमओ द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है तथा उन्हें दुकान हटाने की धमकी दी जाती है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि उनके साथ गाली-गलौज भी की गई, जिससे वे आहत हैं। व्यापारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 5 जून से बस स्टैंड के व्यापारी अनिश्चितकालीन दुकान बंद आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद विश्वास गुप्ता सहित अंकुर सोनी, अशोक कश्यप, मुन्ना गुप्ता, सचिन सोनी तथा अन्य उपस्थित रहे।

- अतिक्रमण हटाया गया आरोप निराधार : सीएमओ

इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ रविंद्र लाल ने बताया कि व्यापारियों द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। बस स्टैंड में वाहनों की आवाजाही से दिक्कत हो रही थी जिसके मद्देनजर कुछ व्यवसायी को सड़क किनारे से हटाया गया है एवं दुकानों में अतिक्रमण को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि शासन का निर्देश है कि प्रत्येक दुकानों के सामने डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखना है जिसके लिए जगह बनाया जा रहा है।



हितग्राहियों को चेक देतीं विधायक व अन्य।

## मृत वृद्ध के अंगूठा में स्याही देख नाती पहुंचा थाने, की पुलिस से शिकायत

**अम्बिकापुर।** सोनपुर में सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब मृत वृद्ध के अंगूठा में स्याही लगा था। इधर मृतक के अंगूठा में स्याही देख नाती थाने पहुंच गया और जमीन जगह किसी के द्वारा लिखवाने की आशंका पर शिकायत की। हालांकि पुलिस के पूछताछ में पता चला की मृतक की वृद्ध पत्नी ने ही सादे कागज में मृत वृद्ध पति का अंगूठा का का निशान ली थी। पुलिस के मुताबिक ग्राम सोनपुर निवासी चेतन आ. स्व. फूलो (85 वर्ष) गांव में अलग वृद्ध पत्नी साथ में रहता था। वृद्ध कई दिनों से बीमार था। इसी बीच सुबह उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी लगने पर पोता शिव कुमार घर आया और दादा के अंगूठा में स्याही लगा देख किसी व्यक्ति द्वारा स्टाम्प या फिर सादे कागज में अंगूठा का निशान लेकर चले जाने की आशंका जताई। साथ ही घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। इधर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की तो पत्नी ने बताया कि उसने सादे कागज में पति के अंगूठा का निशान लिया है जिससे उसके बेटा और पोता उसकी देखभाल कर कर सके जिसके बाद पुलिस वापस लौट गई।

## सुशासन तिहार शिविर में मिले 67 आवेदन, विधायक ने योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक

**राजपुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर के सब्जी मार्केट परिसर के समीप किया गया। शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 15 वार्डों के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 9 शिकायत संबंधी तथा 58 मांग संबंधी आवेदन शामिल रहे। राजस्व विभाग को 14 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सीमांकन के 5 प्रकरण लंबित बताए गए।

- मौके पर किया गया कुछ आवेदनों का निराकरण

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक ने दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें पूजन सामग्री एवं श्रृंगार सामग्री भेंट की। शिविर में प्रधानमंत्री आवास की चाबी, आयुष्मान कार्ड एवं श्रम विभाग की ओर से सहायता राशि प्रदान किया गया। विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मई और जून माह में किसानों एवं ग्रामीणों को अपेक्षाकृत समय मिलने के कारण इस अवधि में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं। विधायक ने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण कार्य से लोगों को हो रही असुविधा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान कुछ परेशानियां स्वाभाविक हैं, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। शिविर के दौरान सब्जी एवं अन्य छोटे व्यवसाय करने वाले व्यापारियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर सब्जी बाजार के लिए स्थायी भवन निर्माण की मांग की। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह ने कहा कि भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन सीमांकन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने आश्वस्त किया कि 10 दिनों के भीतर सीमांकन कराकर भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले नालियों की सफाई, जल निकासी और अन्य आवश्यक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल,शिवनाथ जायसवाल, महेंद्र गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, प्रशांत सिंह, राजेश यादव, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, तहसीलदार कावेरी मुखर्जी, नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर, सीएमओ रविंद्र लाल, थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, रेंजर अजय वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार में विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कुसमी।** सुशासन तिहार शिविर ग्राम पंचायत कंजिया में आयोजित की गई। शिविर में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने समस्त विभाग की समीक्षा करते हुए दूर दूर से आए हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी।सुशासन तिहार कार्यक्रम की शुरुआत में सामरी विधायक द्वारा विभाग द्वारा लगाए गए सभी स्टाल के सभी विभाग की समीक्षा की गई। शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा बारी बारी से अपनी अपनी विभाग में ग्रामीण द्वारा दिए गए आवेदन सहित आवेदन का निराकरण करते हुए अपने अपने विभाग के बारे में सभी प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। सुशासन तिहार शिविर में मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार एवं राज्य की भाजपा सरकार की विभिन्न प्रकार से चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही प्रधान मंत्री आवास, महतारी वंदन योजना, सहित अन्य प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उससे लाभ लेने की बात कही गई। सुशासन तिहार शिविर में ज्यादातर प्रधान मंत्री आवास, पेयजल की व्यवस्था की मांग सहित नया राशन कार्ड बनाने की मांग ग्रामीण द्वारा की गई। सुशासन तिहार में 16 ग्राम पंचायत के सरपंच , सचिव, सहित ग्राम पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए। विधायक ने ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच को निर्देशित करते हुए कहा गया कि आगामी 5 जून को होने वाले सभी ग्राम सभा की जानकारी सभी ग्रामीणों को दी जाए। इस दौरान एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो, जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय,जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, लक्ष्मण सिंह पैकरा, शशि टोप्पो, बिनोद गुप्ता, राकेश भारती, अर्जुन यादव, इंद्रदेव निकुंज, देव साय भगत, विनय यादव, सीजे प्रजापति, लक्ष्मण पैकरा, विवेक सिंह, दुर्गेश गुप्ता,बालों बाई, भगवती सोनवानी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

